**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# निवासियों को, ब्रैम्पटन के पहले अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान के बारे में सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (3 नवंबर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, अपना पहला अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान (यू.एफ.एम.पी.) (Urban Forest Management Plan) (UFMP) विकसित कर रही है। निवासियों को एक ऑनलाइन सर्वेक्षण द्वारा नयी कार्यनीति विकसित करने में मदद हेतु, सुझाव देने के आमंत्रित किया जाता है।

यू.एफ.एम.पी. (UFMP), शहरी जंगल को स्थिर रखने और इसमें वृद्धि करने के लिए एक दृष्टिकोण और कार्रवाईयों की पहचान करके, ब्रैम्पटन पर्यावरणीय सेवाओं और ब्रैम्पटन के शहरी जंगल के फायदों को बढ़ाने के लिए, सिटी को कार्यनीति संबंधी दिशा प्रदान करेगा। यह व्यापक योजना अवसरों की पड़ताल करेगी, जैसे: मौजूदा नीति और रेगुलेटरी फ्रेमवर्क को मजबूत बनाना, सामुदायिक भागीदारी वाले प्रोग्रामों का विस्तार करना, अधिक अग्रसक्रिय जंगली प्रबंधन करना, सहयोगपूर्ण पेड़-स्थापना में साझेदारों के साथ काम करना और शहरी जंगल का निरीक्षण लागू करना।

सिटी ने, दिसम्बर 2019 में यू.एफ.एम.पी. को विकसित करने के लिए, अर्बन फोरेस्ट इनोवेशंस इंक. (Urban Forest Innovations Inc.) के साथ काम करना शुरू किया था। यू.एफ.एम.पी. 2021 में पूरा होना है।

यू.एफ.एम.पी. की सफलता, साझेदारों और समुदाय की मदद पर निर्भर होगी। इस कारण सिटी, लोकल इंडीजीन्स समुदायों, ब्रैम्पटन के निवासियों, सिटी काउंसिल (City Council) और अन्य मौजूदा या संभावी साझेदारों से सुझाव ले रही है।

सामुदायिक सर्वेक्षण, 2 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन www.brampton.ca/trees पर उपलब्ध है।

**ट्री फोटो प्रतियोगिता: 2 से 30 नवंबर तक**

हम ब्रैम्पटन के युवाओं को, एक ईको-फ्रेंडली इनाम जीतने के अवसर के लिए, पेड़ों पर तस्वीरें बनाकर उन्हें साझा करने के लिए कह रहे हैं! फोटो, ड्राइंग, मूर्तिकला सहित कला के सभी रूपों पर विचार किया जाएगा। दाखिल की जाने वाली सभी फोटो, #BramptonTrees का प्रयोग करते हुए या @CityBrampton को टैग करके Twitter या Facebook पर पोस्ट की जा सकती हैं या फोटो BramptonGreenCity@brampton.ca पर ईमेल की जा सकती है। विजेता दाखिले के यू.एफ.एम.पी. और सिटी की वेबसाइट के कवर पर लगाया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/trees पर जाएं।

**पृष्ठभूमि**

ब्रैम्पटन के शहरी जंगल में शामिल हैं, सिटी की सीमाओं के अंदर सार्वजनिक और निजी दोनों, ज़मीनों पर सभी पेड़ और उनके बढ़ते परिवेश। यह महत्वपूर्ण ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसके हमारे समुदाय को वातावरण संबंधी, आर्थिक और सामाजिक फायदे हैं। हालांकि,

शहरी जंगल के सामने, विकास और तीव्रता, जलवायु संबंधी बदलाव, बीमारियों और आक्रमक विषैले कीड़ों सहित कई दबाव और चुनौतियां भी आती हैं। हाल ही के वर्षों में, एमराल्ड ऐश बोरर (Emerald Ash Borer) और 2013 के बर्फीले तूफान ने ब्रैम्पटन में कई पेड़ों को तबाह कर दिया और नवीनीकरण संबंधी कई प्रयासों में निवेश की जरूरत है।

ब्रैम्पटन का यू.एफ.एम.पी., ब्रैम्पटन के शहरी जंगलों के सभी पक्षों के प्रबंधन के लिए कार्यनीति वाला मार्गदर्शन प्रदान करेगा, इनमें शामिल हैं, हमारे शहरी जंगलों के मूल्यांकन, देखरेख, वृद्धि और सुरक्षा के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण और इसके प्रबंधन में निवासियों और साझेदारों को शामिल करना।

यू.एफ.एम.पी., ब्रैम्पटन के ग्रो ग्रीन एन्वायरनमेंटल मास्टर प्लान (Grow Green Environmental Master Plan) का हिस्सा है। यह ब्रैम्पटन के 2040 विजन (Brampton's 2040 Vision) और कम्युनिटी एनर्जी एंड एमिशन्स रिडक्शन प्लान (सी.ई.ई.आर.पी.) (Community Energy and Emissions Reduction Plan) (CEERP) पर ध्यान देने के लिए मुख्य पहलकदमियों में से एक है। इसका लक्ष्य 2040 तक ब्रैम्पटन में एक मिलियन पेड़ लगाना है।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन एक हरा-भरा शहर है और हम हमारे पेड़ों, पौधों और हरियाली वाली जगहों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा शहरी जंगल, हमारे समुदाय का महत्वपूर्ण हिस्सा है और मैं सभी निवासियों को सलाह देता हूं कि वे हमारे पेड़ों के भविष्य में अपनी राय दें, क्योंकि हम ब्रैम्पटन का पहला अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान तैयार कर रहे हैं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ग्रो ग्रीन एन्वायरनमेंटल मास्टर प्लान के अंतर्गत, हमारा पहला अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान विकसित किए जाने पर हमें गर्व है। यह नई कार्यनीति एक सूचित फ्रेमवर्क प्रदान करेगी कि हम अपने निवासियों को बेहतर सेवा देने और अन्य शहरों के लिए मिसाल कायम करने हेतु, ब्रैम्पटन और इससे बाहर के मुख्य स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लेकर, ब्रैम्पटन के शहरी जंगल की देखरेख कैसे करें।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान, हमारे पेड़ों को सुरक्षित रखने और हमारे शहरी जंगल में वृद्धि करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। निवासियों की राय लेना प्राथमिकता है, क्योंकि हम हमारे वातावरण-अनुकूलित शहर में पेड़ों को कायम रखने, लगाने और सुरक्षित रखने के लिए बेहतर पद्तियां विकसित करते हुए, इस योजना को कार्यान्वित कर रहे हैं।"

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8; वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी का स्टाफ, भागीदारी वाले अवसर प्रदान करने और सभी स्टेकहोल्डर्स को शामिल करने के लिए समर्पित है क्योंकि हम ब्रैम्पटन के अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान की ओर आगे बढ़ रहे हैं। आगामी स्टेकहोल्डर भागीदारियां और सामुदायिक सर्वेक्षण, निवासियों को इस ग्रीन पहलकदमी में शामिल करने का शानदार तरीका हैं क्योंकि हम प्लान को 2021 में पूरा करने पर काम कर रहे हैं।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारे प्राकृतिक वातावरण के स्वास्थ्य और स्थिरता में स्वाभाविक हित के साथ, नागरिक-संचालित कमेटी के तौर पर, मुझे बेहद खुशी है कि हम भागीदारी प्रक्रिया में शामिल हैं। वातावरण संबंधी फैसलों में सामुदायिक राय महत्वपूर्ण है, इस कारण मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि अर्बन फोरेस्ट मैनेजमेंट प्लान, कौन-सी प्राथमिकताएं तय करेगा और छोटी व लंबी अवधि में उन्हें कैसे पूरा करेगा। "

- *प्रीति ऐनबलागन (Preethi Anbalagan), को-चेयर, एन्वायरनमेंट एडवाइजरी कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca